पुणना International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

Name					
Date	18-07-2020		9th	Roll No.	
Subject	HINDI	Marks -50	Hindi	Teacher's Sign	

PERIODIC ASSESSMENT

(खंड-1-पठन भाग)

प्र-1-अ -निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(6)**

संसार में ऐसा कोई देश नही,जिसमें किसी प्रकार की समस्या न हो | भारत भी अपनी कुछ समस्याओं से जूझ रहा है| संसार के अनेक देशों की ही तरह भारत में भी निर्धनता बसी है, जिसके कारण अपराधों में वृद्धि हो रही है| बडती जनसंख्या भी एक बड़ी विकट समस्या है| भारत की अधिकाँश समस्याओं के पीछे अशिक्षा बड़ा कारण है| इसके इलावा आतंकवाद, भ्रष्टाचार , नारी शोषण आदि समस्याएं भी भारत के लोकतंत्र पर सीधा प्रहार है| आज आवश्यकता इस बात की है कि नैतिक मूल्यों की पुनस्थापना की जाय तथा भ्रष्टाचार ,अशिक्षा,आतंकवाद साम्प्रदायिकता आदि के विरुद्ध कड़ा संघर्ष किया जाए ,तो समाज सभ्य - शिक्षित होकर विकास की ओर चल सकेगा |

प्र-1-यह गद्यांश किस विषय पर आधारित है?
प्र-2-भारत में सबसे बड़ी समस्या क्या है?
प्र-3-किन किन समस्याओं का प्रहार लोकतंत्र पर हुआ है?
प्र-4-आज किस बात की आवश्यकता है?
प्र-5-'आतंकवाद' प्रत्यय अलग करिए |
प्र-6-गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए|

प्र-ब-निम्नलिखित काव्यांशों तथा इन पर आधारित प्रश्नोतरों को ध्यानपूर्वक पढ़िए – **(6)**

उम्र बहुत बाकी है लेकिन, उम्र बहुत छोटी भी तो है
एक स्वप्न मोती का है तो, एक स्वप्न रोटी भी तो है।
घुटनों में माथा रखने से पौखर पार नहीं होता है।
सोया है विश्वास जगा लो, हम सब को नदिया तरनी है।
तुम थोड़ा अवकाश निकालो, तुमसे दो बातें करनी हैं।
मन छोटा करने से मोटा काम नहीं छोटा होता है,
नेह कोष को खुलकर बाँटो, कभी नहीं टोटा होता है,
आँसू वाला अर्थ न समझे, तो सब ज्ञान व्यर्थ जाएंगे।
मत सच का आभास दमा लो शाश्वत आग नहीं मरनी है।

तुम थोड़ा अवकाश निकाली, तुमसे दो बातें करनी हैं।

(क) मशीनी युग में समय महँगा होने का क्या तात्पर्य है। इस कथन पर आपकी क्या राय है?
(ख) ‘मोती का स्वप्न और ‘रोटी का स्वप्न से क्या तात्पर्य है दोनों किसके प्रतीक है?
(ग) घुटनों में माधा रखने से पोखर पार नहीं होता है पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।
(घ) मन और स्नेह के बारे में कवि क्या परामर्श दे रहा है और क्यों?
(ड) सच का आभास क्यों नहीं दबाना चाहिए?
(च)उचित शीर्षक लिखिए|

(खंड-2-लेखन भाग)

प्र-2-अ-निम्नलिखित निबंधों में से कोई एक पर लिखिए- **(6)**

अ)समय का सदुपयोग ब)रक्षाबंधन

ब-पत्र-लेखन :-आपका मित्र आई०आई०टी० की परीक्षा में चयनित हो गया है। उसे बधाई देते हुए पत्र लिखिए। **(6)**

(खंड-3-व्याकरण भाग)

प्र-3-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए:-

प्र-1-शब्दार्थ:- -रेणु- -बास- (2)
प्र-2-विलोम शब्द:- -अनुकूल- -सुबह- (2)
प्र-3-उपसर्ग अलग करिए:- -असफल- -उपमान- (1)
प्र-4-अनुस्वार ,अनुनासिका चिन्ह् लगाइए:- -रग- -आख (1)
प्र-5-वर्ण -विच्छेदन से शब्द बनाइये :- -ह+इ+न+द+ई (1)
प्र-6-बहुवचन बनाइए:- -तोता- -माला- (2)
प्र-7-लिंग-बदलिए:- -युवक- -घोडा- (2)

(खंड-4-साहित्य भाग)

प्र-4-क-निन्मलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(4)**

प्र-1-हीरे के प्रेमी उसे किस रूप में पसंद करते है?
प्र-2-किसी व्यक्ति की पोशाक देख कर हमे क्या पता चलता है?
प्र-3-गिल्लू का मन पसंद खद्य-पदार्थ कौन-सा था ?
प्र-4-ग्लेशियर किसे कहते है?-

ख-पंक्तियों के आशय स्पष्ट करिए :- **(4)**

प्र-1-मिटटी और धूल में अंतर है,लेकिन उतना ही,जितना शब्द और रस में ,दढ़ और प्राण में ,चाँद और चांदनी में|

प्र-2-शोक करने,गम मनाने के लिए भी एक सहूलियत होती है----दु:ख मनाने का भी एक अधिकार होता है|

क-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **(4)**

प्र-1-रैदास ने किस प्रभु की आराधना की है?

प्र-2-ईश्वर को गरीब निवाजु क्यों कहा गया है?

प्र-3-एक साधने पर सब कैसे सध जाता है?

प्र-4-बीमार बच्ची की अंतिम ईच्छा क्या थी?

ख-निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट करिए:- **(3)**

प्र-1-रहीमन धागा प्रेम का ,मत तोड़ो चटकाय |

प्र-2-बुझी पड़ी थी चिता वहां पर,छाती धधक उठी मेरी |